विधान सभा सचिवालय

उत्तर प्रदेश

(पटल कार्यालय)

संख्या : 305/वि0स0/प0का0/24(प)/2017

लखनऊ, दिनांक 15 फरवरी, 2018

अधिसूचना

प्रकीर्ण

चूंकि, इस सचिवालय की अधिसूचना संख्या 1390/वि0स0/प0का0/24(प)/2017, दिनांक 28 सितम्बर, 2017 द्वारा श्री फागू चौहान, सदस्य विधान सभा (मऊ) वित्तीय वर्ष 2017-2018 के लिये "अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त सम्बन्धी संयुक्त समिति" में सदस्य के रूप में नामित किया गया था;

और, चूंकि श्री फागू चौहान ने उक्त समिति से त्याग-पत्र दे दिया है, जिसे माननीय अध्यक्ष, विधान सभा, उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 05 फरवरी, 2018 को स्वीकार कर लिया गया है;

अतः सर्वसाधारण की सूचनार्थ एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि उपरोक्त श्री फागू चौहान का उक्त स्थान "अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त सम्बन्धी संयुक्त समिति" में दिनांक 05 फरवरी, 2018 से रिक्त हो गया है।

आज्ञा से,

प्रदीप कुमार दुबे,

प्रमुख सचिव।

संख्या : 305(1)/वि0स0/प0का0/24(प)/2017, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित :--

1-श्री फागू चौहान, सदस्य, विधान सभा, म/न 2/100, विजयंत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ,

2-उत्तर प्रदेश विधान सभा के शेष समस्त सदस्यगण,

3-समस्त मंत्रियों के निजी सचिव (माननीय मंत्रियों की सूचनार्थ),

4-प्रमुख सचिव, विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश,

5-प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, संसदीय कार्य विभाग,

6-महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद,

7-निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ,

8-विधान सभा सचिवालय के समस्त अधिकारीगण तथा अनुभाग।

ज्ञान दत्त दीक्षित,

अनु सचिव।

पी0एस0यू0पी0-एल0 301 विधान सभा (575)-23-2-2018-600 प्रतियां-कम्प्यूटर।